Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development of passenger facilities at Thawe railway junction in Gopalganj district, Bihar -laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अविकसित थावे जंक्शन, जिला गोपालगंज, बिहार की ओर दिलाना चाह रहा हूँ जिसका कि कई सालों से एनईआर (NER) के द्वारा विकास नहीं किया गया है ।

थावे जंक्शन (जिला गोपालगंज) एक बहुत ही महत्वपूर्ण जंक्शन है क्योंकि यहां पर मां दुर्गा का भव्य मंदिर है तथा देश के हर कोने से लोग बसों से यात्रा कर यहां दर्शनार्थ आते हैं क्योंकि कोई भी सुपर फास्ट ट्रेन थावे जंक्शन से नहीं गुजरती है । थावे जंक्शन (NER) अविकसित है तथा यहां यात्री सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे यात्री बसों से आना-जाना पसंद करते हैं जिससे रेलवे के राजस्व अधिक मात्रा में प्राप्त नहीं होती है । थावे जंक्शन एनईआर (NER) के द्वारा विकास हेतु प्राथमिकता में शामिल प्रतीत नहीं होता है और थावे जंक्शन के अग्रभाव में सुधार, महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय, अमानती समानघर, निर्धारित पार्किंग, बेहतर संकेतक एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था आदि की अत्यंत जरूरत है ।

अत: माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि थावे जंक्शन, जिला गोपालगंज, बिहार के अग्रभाव में सुधार, महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय, अमानती समानघर, निर्धारित पार्किंग, बेहतर संकेतक एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराया जाए ताकि रेलवे के राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिले ।